<u>आकाशवाणी शिमला</u>

<u>15.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे</u>

<u>मुख्य समाचार''</u>

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को पेश करेंगे वर्ष 2025–26 का आम बजट।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा–संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र की मजबूती के लिए विधायकों का अनुशासित होना जरूरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया स्टील उद्योग को परेशान करने का आरोप।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट–नारकंडा व कुफरी सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर हिमपात से फिर बढ़ी ठंड।

<u>मंत्रिमण्डल निर्णय</u>

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में होगा। ये फैसला प्रदेश मंत्रिमण्डल की आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्रिमण्डल के फैसलों की जानकारी देते हुए उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री 17 मार्च को विधानसभा में राज्य का वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंत्रिमण्डल ने टेंटिड पदों को छोड़कर 6 पोस्ट कोड के 6 सौ 99 पदों के लिए हुई परीक्षा का परिणाम घोषित करने को भी मंजूरी प्रदान की।

मंत्रिमण्डल ने सरकारी महिला कर्मचारियों को प्रसव के दौरान बच्चे की मृत्यु पर या नवजात शिशुओं की मौत होने पर 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमण्डल ने शिमला की संजौली पुलिस चौकी को पुलिस थाने में स्तरोन्नत करने, नेरवा में अग्निशमन चौकी खोलने, श्री नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के जगातखाना में जलशक्ति विभाग का नया मण्डल खोलने और सोलन के लौहारघाट में नई उप–तहसील खोलने को भी मंजूरी दी।

मंत्रिमण्डल ने वर्ष 2025–26 के लिए राज्य में एंट्री टैक्स की वसूली के लिए नीलामी प्रक्रिया शुरू करने और एंट्री टैक्स बैरियर पर चरणबद्ध ढंग से फास्टैग सुविधा शुरू करने का भी निर्णय लिया।

<u>सुक्खू</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में राज्य एकल खिड़की स्वीकृति एवं अनुश्रवण प्राधिकरण की 30वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नए उद्योग स्थापित करने और मौजूदा इकाइयों के विस्तार के लिए 25 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों पर लगभग 8 सौ 83 करोड़ 36 लाख रुपये का संभावित निवेश होगा और लगभग 2 हजार 8 सौ 30 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

<u>कुलदीप पठानिया</u>

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र की मजबूती के लिए विधायकों को अनुशासित होना होगा। पठानिया आज हरियाणा विधानसभा में लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण व प्रबोधन कार्यक्रम

के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां सदन की बैठकों की संख्या बढ़ानी होगी वहीं विधायकों को बैठकों में भाग लेना और सार्थक चर्चा करना भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों को समिति की बैठकों में हिस्सा लेना चाहिए और समिति के कार्यों में भी रूचि दिखानी चाहिए। पठानिया ने कहा कि देश में जनसंख्या विस्फोट के साथ सांसदों और विधायकों की जिम्मेदारियां और उत्तरदायित्व बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों और विधायकों को मौजूदा युग में टैक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ना होगा।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में ड्रग माफिया से निपटने के लिए पूरे समाज से आगे आने की अपील की है। अग्निहोत्री ने एक बयान में कहा कि इस बुराई के खिलाफ पंचायत स्तर से आवाज उठाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार नशे खासकर चिट्टे के खिलाफ कड़े से कड़े प्रावधान ला रही है और पुलिस को भी चिट्टा माफिया के खिलाफ कार्रवाई की खुली छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पुलिस वाला चिट्टे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है तो उसे भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने चिट्टे की सूचना देने वालों को सम्मानित करने का प्रावधान भी किया है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर स्टील उद्योग को परेशान करने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार राज्य में किसी को भी चैन से बैठने नहीं दे रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर उद्योगपत्तियों से किए गए सस्ती बिजली के वायदे को तोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि इस कारण उद्योगपति हिमाचल को छोड़कर जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि स्टील उद्योग प्रदेश में एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है लेकिन सरकार द्वारा हर रोज बिजली महंगी करने से उद्योगपत्तियों को अपने स्टील उद्योग चलाना मुश्किल हो गया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर तुगलकी फैसले लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को संजौली में पुलिस थाना ही खोलना था तो इसे पहले क्यों चौकी बना दिया गया।

कैग रिपोर्ट

हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की साल 2023–24 की कैग की रिर्पोट पेश होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में सत्र की तारीखों पर चर्चा के साथ ही हिमाचल प्रदेश नियंत्रक महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्रदेश सरकार के साल 2023–24 के वित्त व विनियोग लेखों का उल्लेख है। वित्त लेखों में सरकार की प्राप्तियों व खर्चों की स्थिति का जिक्र किया गया है।

मौसम

मौसम ने प्रदेश में एक बार फिर करवट ली है। आज प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नारकंडा और कुफरी में हल्की बर्फबारी हुई जबकि राजधानी शिमला और इसके आस–पास के इलाकों में कुछ देर तक बर्फ की फुहारें पड़ी और बूंदा–बांदी भी हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के अनुसार राज्य के जनजातीय जिला लाहौल स्पिति और किन्नौर तथा शिमला, चम्बा, कुल्लू और धौलाधार की उंची पहाड़ियों पर भी इस दौरान हल्का

हिमपात हुआ। मौसम में आए इस बदलाव से राज्य में तापमान में गिरावट आई है जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

<u>पुलिस भर्ती</u>

ऊना की पुलिस लाईन ग्राउंड झलेड़ा में चल रही पुलिस भर्ती के पांचवें और अंतिम दिन आज महिला कांस्टेबलों के लिए ग्राउंड टैस्ट का आयोजन किया गया। ग्राउंड टैस्ट के लिए 15 सौ से अधिक युवतियों को बुलाया गया था। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि भर्ती को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राउंड टैस्ट के बाद अब चयनित अभ्यार्थियों की लिखित परीक्षा होगी।